भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 872

27 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

सभी के लिए आवास के कार्यान्वयन की स्थिति

872 श्री नीरज शेखरः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी और प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत 'सभी के लिए आवास' को लागू करने की जिला-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष जिला-वार स्वीकृत, पूर्ण और सुपुर्द किए गए आवासों की संख्या कितनी हैं; और

(ग) उत्तर प्रदेश में अगले तीन वर्षों के दौरान, प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत आवास इकाइयों को संस्वीकृत करने और उन्हें पूरा करने के लिए तय किए गए लक्ष्यों का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) से (ग): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय देश-भर में पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी नागरिक सुविधाओं सहित सभी मौसमों के अनुकूल पक्के आवास उपलब्ध कराने के लिए दिनांक 25.06.2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) का कार्यान्वयन कर रहा है। पीएमएवाई-यू के कार्यान्वयन से प्राप्त अनुभवों के आधार पर आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने इस योजना में बदलाव किया है तथा दिनांक 01.09.2024 से देश-भर में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ अतिरिक्त पात्र लाभार्थियों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 'सबके लिए आवास' मिशन प्रारंभ किया है। पीएमएवाई-यू 2.0 का कार्यान्वयन चार घटकों, अर्थात् लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी), साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी), किफायती किराया आवास (एआरएच) तथा ब्याज सहायता योजना (आईएसएस) के माध्यम से किया जा रहा है। योजना के संचालन संबंधी दिशा-निर्देश https://pmay-urban.gov.in/uploads/guidelines/Operational-Guidelines-of-PMAY-U-2.pdf लिंक पर उपलब्ध हैं।

पीएमएवाई-यू तथा पीएमएवाई-यू 2.0 मांग-आधारित दृष्टिकोण अपनाते हैं। अत: सरकार द्वारा कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र अपने-अपने अधिकार-क्षेत्र में शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी)/कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से आवश्यकता का आकलन करते हैं। पात्र नागरिकों को भी पीएमएवाई-यू 2.0 के एकीकृत वेब पोर्टल के माध्यम से, पोर्टल पर उपलब्ध सभी आवश्यक विवरणों सहित आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है।

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/शहरी स्थानीय निकाय योजना के संचालन संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुसार लाभार्थियों का सत्यापन करते हैं तथा लाभार्थियों का चयन/लाभार्थियों की सूची की जांच राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा की जाती है। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए एकीकृत वेब पोर्टल https://pmay-urban.gov.in पर उपलब्ध है। मांग सर्वेक्षण तथा लाभार्थियों के चयन के आधार पर परियोजना प्रस्ताव तैयार किए जाते हैं और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (एसएलएसएमसी) द्वारा अनुमोदित किए जाते हैं, ताकि केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (सीएसएमसी) द्वारा केंद्रीय सहायता जारी करने पर विचार किया जा सके।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों के आधार पर मंत्रालय ने अब तक कुल 127.68 लाख आवास, जिनमें पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत 16.20 लाख आवास शामिल हैं, स्वीकृत किए हैं। 13.07.2026 की स्थिति के अनुसार, इनमें से 121.03 लाख आवासों का निर्माण कार्य शुरू किया जा चुका है तथा 99.07 लाख आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है/लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं। कुल 2,12,483 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता का अनुमोदन किया गया है, जिसमें से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत अपेक्षित अनुपालनों के आधार पर 1,80,582 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। योजना की प्रगति पीएमएवाई-यू के डैशबोर्ड (https://dashboard.pmay-urban.gov.in) पर भी देखी जा सकती है।

योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य में अब तक कुल 21.6 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत 3.99 लाख आवास शामिल हैं, इनमें से 20.4 लाख आवासों का निर्माण कार्य शुरू किया जा चुका है तथा 17.25 लाख आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है/लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य में अब तक तथा विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान जिला-वार स्वीकृत एवं निर्माण कार्य पूर्ण किए गए/लाभार्थियों को सौंपे गए आवासों का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

****

दिनांक 27-07-2026 को राज्य सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 872 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पीएमएवाई-यू और पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत उत्तर प्रदेश राज्य के लिए अब तक और पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान लाभार्थियों को स्वीकृत और पूर्ण/सौंपे गए कुल आवासों का जिला-वार विवरण

क्रम संख्या	जिला	अब तक आवासों की भौतिक प्रगति (संख्या)		पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक के दौरान स्वीकृत			पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक के दौरान पूर्ण/सौंपे गए आवास		
		स्वीकृत	पूर्ण/सौंपे गए	2023-24	2024-25	2025-26	2023-24	2024-25	2025-26
1	आगरा	57,265	50,823	-	2,644	3,441	1,420	493	165
2	अलीगढ़	36,912	26,714	-	453	9,287	2,363	1,977	227
3	अम्बेडकर नगर	22,881	19,887	2,217	357	1,974	2,781	4,315	559
4	अमेठी	9,256	7,536	-	577	657	609	1,746	213
5	अमरोहा	17,695	11,531	2,147	57	6,025	327	1,756	56
6	औरैया	11,696	9,142	-	71	2,201	1,821	1,156	198
7	अयोध्या	27,394	19,352	837	947	6,461	4,493	1,896	249
8	आजमगढ़	19,884	16,361	615	1	3,144	1,630	972	197
9	बागपत	14,306	12,108	553	557	1,316	1,360	3,080	193
10	बहराइच	17,498	12,748	2,241	1,181	3,000	1,264	2,630	260
11	बलिया	23,163	20,159	908	207	2,109	2,727	3,088	487
12	बलरामपुर	5,803	4,617	176	30	872	407	1,275	451
13	बांदा	23,039	19,140	5,664	25	3,055	2,351	3,602	120
14	बाराबंकी	26,633	23,926	426	606	1,155	5,640	1,772	475
15	बरेली	52,263	37,616	5,513	833	13,051	6,433	8,055	964
16	बस्ती	22,452	17,925	3,472	633	3,148	1,944	4,174	322
17	भदोही	30,866	27,005	-	138	3,415	932	348	138
18	बिजनौर	31,757	23,258	-	1,759	5,905	1,625	1,019	307
19	बदायूं	27,271	17,840	134	635	7,689	702	763	151
20	बुलंदशहर	53,894	45,983	-	471	5,394	7,727	5,072	506
21	चंदौली	11,452	10,193	1	236	628	918	1,391	248
22	चित्रकूट	11,506	7,729	904	-	1,966	898	1,618	179
23	देवरिया	33,296	24,154	284	792	6,165	1,633	2,106	455
24	एटा	13,711	9,943	1,417	150	2,889	976	1,745	192

क्रम संख्या	जिला	अब तक आवासों की भौतिक प्रगति (संख्या)		पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक के दौरान स्वीकृत			पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक के दौरान पूर्ण/सौंपे गए आवास		
		स्वीकृत	पूर्ण/सौंपे गए	2023-24	2024-25	2025-26	2023-24	2024-25	2025-26
25	इटावा	12,845	9,918	-	128	2,517	1,823	2,055	338
26	फर्रुखाबाद	16,750	11,694	537	40	4,856	2,503	2,402	192
27	फतेहपुर	21,280	18,141	8,786	545	2,119	1,020	8,314	769
28	फिरोजाबाद	53,666	44,358	-	18	7,331	4,443	2,708	864
29	गौतम बुद्ध नगर	30,551	29,899	-	71	515	174	32	5
30	गाजियाबाद	90,038	73,735	9,858	725	10,873	4,973	10,976	4,284
31	गाजीपुर	14,315	10,794	-	1,237	1,870	587	1,054	350
32	गोंडा	8,259	6,666	681	64	1,501	552	652	196
33	गोरखपुर	69,094	55,626	8,975	2,826	8,100	10,803	8,501	463
34	हमीरपुर	16,907	13,206	2,314	1,528	1,122	2,640	1,940	211
35	हापुड़	13,472	9,822	1,708	82	1,833	2,060	898	157
36	हरदोई	25,352	18,534	-	1,450	4,209	2,152	459	62
37	हाथरस	8,505	7,016	21	122	1,170	245	186	60
38	जालौन	28,276	21,413	1,434	1,515	5,095	4,874	4,208	397
39	जौनपुर	29,567	23,176	-	585	3,966	843	1,327	330
40	झांसी	39,207	32,079	-	870	5,291	841	3,001	867
41	कन्नौज	12,476	10,275	1,636	244	1,682	1,398	1,709	58
42	कानपुर देहात	20,550	14,873	130	665	4,357	4,164	1,971	60
43	कानपुर नगर	37,422	31,852	21	160	4,439	6,185	1,743	67
44	कासगंज	11,051	8,571	-	120	2,315	427	177	16
45	कौशाम्बी	21,225	16,215	466	1,707	2,209	3,493	3,988	203
46	खीरी	38,045	31,442	4,158	1,227	4,734	2,707	4,966	310
47	कुशीनगर	47,643	37,906	5,721	-	8,061	1,243	7,278	1,148
48	ललितपुर	24,334	21,397	1,290	1,585	688	2,303	2,082	672
49	लखनऊ	86,571	75,877	6,933	5,551	4,578	11,461	8,775	458
50	महोबा	14,604	12,670	-	438	678	2,565	1,630	155
51	महाराजगंज	40,633	30,074	5,222	455	8,818	4,566	10,256	785
52	मैनपुरी	13,645	11,207	70	360	1,406	890	758	102

क्रम संख्या	जिला	अब तक आवासों की भौतिक प्रगति (संख्या)		पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक के दौरान स्वीकृत			पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक के दौरान पूर्ण/सौंपे गए आवास		
		स्वीकृत	पूर्ण/सौंपे गए	2023-24	2024-25	2025-26	2023-24	2024-25	2025-26
53	मथुरा	50,736	41,546	-	1,414	6,752	7,504	3,179	221
54	मऊ	23,379	18,373	668	815	4,138	719	1,066	62
55	मेरठ	40,360	31,990	-	663	7,252	2,873	3,630	327
56	मिर्जापुर	47,217	44,055	11,666	618	1,473	1,976	10,360	2,798
57	मुरादाबाद	43,423	36,450	8,134	652	5,224	3,333	8,918	955
58	मुजफ्फरनगर	25,000	22,598	690	356	1,590	2,042	2,088	177
59	पीलीभीत	24,999	21,308	776	237	3,260	983	916	56
60	प्रतापगढ़	37,084	14,976	1,655	1,039	19,453	1,961	3,063	341
61	प्रयागराज	41,851	30,946	8,112	-	8,971	2,105	9,717	1,015
62	रायबरेली	16,601	12,503	1,705	289	3,626	860	1,988	277
63	रामपुर	28,346	23,802	1,786	102	3,736	2,468	3,801	278
64	सहारनपुर	52,800	35,917	7,919	346	16,011	4,963	5,810	706
65	संभल	19,147	12,363	-	963	5,672	3,202	1,468	146
66	संत कबीर नगर	24,670	22,553	425	769	714	4,397	3,268	301
67	शाहजहांपुर	35,324	25,808	4,910	1,568	7,124	3,099	7,191	1,725
68	शामली	19,708	16,998	2	79	2,457	1,608	659	66
69	श्रावस्ती	6,179	5,630	-	62	331	386	833	164
70	सिद्धार्थनगर	27,529	21,866	4,117	865	3,222	3,236	6,657	695
71	सीतापुर	37,886	28,592	97	1,251	6,146	1,349	255	70
72	सोनभद्र	15,779	11,331	2,305	934	3,408	773	2,332	100
73	सुल्तानपुर	7,324	5,716	-	363	1,140	513	171	36
74	उन्नाव	35,606	29,958	3,239	1,440	3,767	1,801	2,829	125
75	वाराणसी	51,055	46,394	6,128	3,121	1,417	12,623	2,278	51
कुल		**21,60,179**	**17,25,799**	**1,51,804**	**55,624**	**3,18,164**	**1,99,690**	**2,32,572**	**31,583**